संख्या-337/2024/I/750286/2024/23-11099(099)/122/2024

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 23-09-2024**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो के सापेक्ष धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-10254/CE-HQ1/RY(MDOD)/GKP/2024-25, दिनांक 12-09-2024, पत्र संख्या-10310/CE-HQ1/RY (MDOD)/GKP/2024-25, दिनांक 14-09-2024 एवं पत्र संख्या-10395/CE-HQ1/RY(MDOD)/GKP/ 2024-25, दिनांक 18-09-2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य/प्रमुख, अन्य जिला मार्गो के चौडीकरण एवं सुदृढीकरण योजनान्तर्गत स्वीकृत 08 चालू कार्यो पर अधोलिखित विवरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल रू0 17802.39 लाख (रूपये एक अरब अठहत्तर करोड़ दो लाख उन्तालिस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो के अधीन अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	**स्वीकृत/ प्रावैधिक/बचत/ बचत के उपरान्त लागत**	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रा0ख0 महराजगंज	जनपद महराजगंज में भटहट घोड़हवा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 11.060 कि0मी0)।	2266.70 2266.70 118.69 2148.01	2023.63	98.00	26.38	124.38
2	नि0ख0-3 गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में भटहट से बांसस्थान मार्ग (अन्य जिला मार्ग) का 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 11.600 कि0मी0)।	68935.33 68935.33 271.28 68664.05	40147.66	6237.95	1679.23	7917.18
3	प्रा0ख0 गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में गोरखपुर उप मार्ग (देवरिया बाईपास रोड) (अन्य जिला मार्ग) का 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 9.50 कि0मी0)।	39924.05 39924.05 273.93 39650.12	19427.69	2363.70	636.30	3000.00
4	प्रा0ख0 कुशीनगर	जनपद कुशीनगर में तमकुही बरवा पट्टीमार्ग (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 12.400 कि0मी0)।	3335.90 3335.90 226.44 3109.46	2944.49	7.49	2.01	9.50
5	नि0ख0-3 गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में नौसड़ पैडलेगंज 06 लेन मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 5.10 कि0मी0)।	29728.56 29728.56 39.50 29689.06	23723.37	1969.75	530.25	2500.00

6	नि0ख0-3 गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में जिला जेल बाईपास मार्ग का 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 8.560)।	36903.96 36903.96 39.50 36864.46	29031.78	1575.80	424.20	2000.00
7	नि0ख0-3 गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में रामगढ़ ताल आन्तरिक मार्ग (नौकायन से देवरिया बाईपास शिव मन्दिर तथा वाणिज्य कर भवन तक) का 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	6734.88 6734.88 600.97 6133.91	5575.88	198.02	53.31	251.33
8	नि0ख0-3 गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में गोरखपुर कसया मार्ग/पैडलेगंज चौराहे से फिराक गोरखपुरी चौराहा तक (शहरी मार्ग) का 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 1.80 कि0मी0)।	27777.94 27777.94 475.47 27302.47	23155.08	1575.80	424.20	2000.00
योग:-					**14026.51**	**3775.88**	**17802.39**

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की समस्त शर्तो एवं प्रतिबन्ध का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 एवं यथा संशोधित कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2024/बी-1-607/दस-2024-231/2024, दिनांक 19 जून, 2024 में निर्धारित प्रक्रिया एवं निहित शर्तो का अक्षरश: अनुपालपन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय (1) रू0 1,40,26,51,000 (रूपये एक अरब चालीस करोड़ छब्बीस लाख इक्यावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371323 राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था (राज्य सेक्टर) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रू0 37,75,88,000 (रूपये सैतीस करोड़ पचहत्तर लाख अट्ठासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891300 राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के कार्यो हेतु मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

shasanadesh.up.gov.in